**Roll No.----------------------**

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 6 | 6 | 8 |

(To be filled in the OMR Sheet)

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
**Question Booklet No.**

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
**Question Booklet Series**
**D**

# LL.B(First Semester) Examination, April-2022

## LL.B 103

## Family Law-I

**(For Regular, Ex & Back Paper Students)**

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**668**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. Under Hindu Succession Act, 1956, in which provide the distribution of property among heirs in class I of the schedule :

(A) Section 9
(B) Section 10
(C) Section 11
(D) Section 12

1. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत किस धारा में अनुसूची के वर्ग I में के वारिसों में सम्पत्ति के वितरण का उपबन्ध किया गया है :

(A) धारा 9
(B) धारा 10
(C) धारा 11
(D) धारा 12

2. Under Hindu Succession Act, 1956, in which Section deals the order of Succession among heirs in the schedule :

(A) Section 9
(B) Section 10
(C) Section 11
(D) Section 12

2. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत किस धारा में अनुसूची में के वारिसों के बीच उत्तराधिकार का क्रम बताती है :

(A) धारा 9
(B) धारा 10
(C) धारा 11
(D) धारा 12

3. In the following which one is not in Entry II of Class II heirs under Hindu Succession Act, 1956 :

(A) Son's duaghter's Son
(B) Daughter's Son's Son
(C) Brother
(D) Sister

3. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निम्न में कौन एक वर्ग 2 की प्रविष्टि II में उत्तराधिकारी नहीं है :

(A) पुत्र की पुत्री का पुत्री
(B) पुत्री के पुत्र का पुत्र
(C) भाई
(D) बहन

4. In the following which one is not in Class I heir under Hindu Succession Act, 1956.

(A) Son's Son's Widow
(B) Son's Widow
(C) Father
(D) Mother

4. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में निम्न में कौन एक वर्ग I का उत्तराधिकारी नहीं है :

(A) पुत्र के पुत्र की विधवा
(B) पुत्र की विधवा
(C) पिता
(D) माता

5. In the following which one is not in class I heir under Hindu Succession Act, 1956 :

(A) Duaghter's daughter's son

(B) Daughter's son's son

(C) Daughter's daughter's daughter

(D) Daughter's son's daughter

5. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में निम्न में कौन एक वर्ग I का उत्तराधिकारी नहीं है :

(A) पुत्री की पुत्री का पुत्री

(B) पुत्री के पुत्र का पुत्र

(C) पुत्री की पुत्री की पुत्री

(D) पुत्री के पुत्र की पुत्री

6. In the following which one is in class I heir under Hindu Succession Act, 1956 :

(A) Father

(B) Daughter's son's son

(C) Son's daughter's daughter

(D) Son's daughter's son

6. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में निम्न में कौन वर्ग I में उत्तराधिकारी है :

(A) पिता

(B) पुत्री के पुत्र का पुत्र

(C) पुत्र के पुत्री की पुत्री

(D) पुत्र के पुत्री का पुत्र

7. In the following which one is not in class I heirs under Hindu Succession Act, 1956 :

(A) Son's daughter's son

(B) Son's daughter's daughter

(C) Daughter's daughter's son

(D) Daughter's daughter's daughter

7. निम्नलिखित में कौन एक हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निम्न में कौन वर्ग I का उत्तराधिकारी नहीं है :

(A) पुत्र की पुत्री का पुत्र

(B) पुत्र की पुत्री की पुत्री

(C) पुत्री की पुत्री का पुत्र

(D) पुत्री की पुत्री की पुत्री

8. Which one of the following section of Hindu Succession Act, 1956, provides the general rules of succession in the case of males died intestate :

(A) Section 5

(B) Section 6

(C) Section 7

(D) Section 8

8. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की निम्न में कौन सी धारा निर्वसीयत मृतक पुरूष की दशा में उत्तराधिकार के साधारण नियम का उपबन्ध करती है :

(A) धारा 5

(B) धारा 6

(C) धारा 7

(D) धारा 8

9. Under Hindu succession Act, 1956 Two person related to uterine blood, According to section 3 :

(A) When they are descended from a common ancestress but by different husbands

(B) When they are descended from a common ancestar by the same wife

(C) When they are descended from a common ancestar but by different wives

(D) None of the above

9. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 3 के अनुसार दो व्यक्ति एकोदर रक्त से सम्बन्धित हैं– जब वे :

(A) एक ही पूर्वजा से किन्तु भिन्न–भिन्न पतियों से पैदा हुए हों

(B) एक ही पूर्वज से उसकी एक ही पत्नी द्वारा पैदा हुए हों

(C) एक ही पूर्वज से किन्तु उसकी भिन्न–भिन्न पत्नियों से पैदा हुए हों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

10. According to section 3 clause (1) sub-clause (e) of Hindu succession Act, 1956, Half-bloodmeans :

(A) Two persons, when they are descended from common ancestress but by different husbands

(B) Two persons, when they are descended from common ancestor by same wife

(C) Two persons, when they are descended from common ancestor but by different wives

(D) None of the above

10. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 3 के खण्ड (1) के उपखण्ड (e) के अनुसार अर्धरक्त मतलब :

(A) दो व्यक्ति, जबकि वे एक ही पूर्वजा से किन्तु भिन्न–भिन्न पतियों से पैदा हुए हों

(B) दो व्यक्ति, जबकि वे एक ही पूर्वज से उसकी एक ही पत्नी द्वारा पैदा हुए हों

(C) दो व्यक्ति, जबकि वे एक ही पूर्वज से किन्तु भिन्न–भिन्न पत्नियों द्वारा पैदा हुए हों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. The provision of "Saptpadi" under Hindu marriage Act, 1955 is given in :

(A) Section 5, clause (2)

(B) Section 6, clause (2)

(C) Section 7, clause (2)

(D) Section 14, clause (2)

11. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत ''सप्तपदी'' का उपबन्ध दिया गया है :

(A) धारा 5, खण्ड (2)

(B) धारा 6, खण्ड (2)

(C) धारा 7, खण्ड (2)

(D) धारा 14, खण्ड (2)

12. Under Hindu marriage Act, 1955, A Hindu wife can seek divorce from the Husband if :

(A) He has ceased to be Hindu by conversion

(B) He is impotent

(C) He is Sapind of wife

(D) The consent of the wife for marriage is obtained by force

12. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत एक हिन्दू पत्नी अपने पति से तलाक ले सकती है यदि :

(A) उसका पति धर्मपरिवर्तन द्वारा हिन्दू नहीं रहा

(B) उसका पति नपुंसक है

(C) उसका पति, पत्नी का सपिण्ड है

(D) विवाह के लिए पत्नी की सम्मति बलपूर्वक प्राप्त की गई है

13. The provisions of Section 25 of Hindu Marriage Act, 1955, is related to :

(A) Maintenance pendent lite

(B) Permanent alimony and Maintenance

(C) Custody of children

(D) None of the above

13. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 25 के उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) वाद कालीन भरणपोषण

(B) स्थायी निर्वाहव्यय और भरणपोषण

(C) बच्चों की अभिरक्षा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. The provisions regarding reconciliation between Husband and wife have been made :

(A) Under Section 20, Hindu marriage Act

(B) Under Section 21, Hindu marriage Act

(C) Under Section 22, Hindu marriage Act

(D) Under Section 23, Hindu marriage Act

14. पति पत्नी के बीच मेल मिलाप के सम्बन्ध में प्रावधान किये गये है :

(A) हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 20 के अन्तर्गत

(B) हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 22 के अन्तर्गत

(D) हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 23 के अन्तर्गत

15. Under Hindu Marriage Act, 1955, 'Maintenance Pendente' lite can be claimed only by ?

(A) Wife

(B) Husband

(C) Either Husband or wife

(D) None of the above

15. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत वादकालीन भरण पोषण का दावा किया जा सकता है केवल ?

(A) पत्नी द्वारा

(B) पति द्वारा

(C) पति अथवा पत्नी द्वारा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. Under Hindu Marriage Act, 1955 cruelty was not ground of Divorce before _________.

(A) 1964

(B) 1976

(C) 1981

(D) 1985

16. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत क्रूरता विवाह–विच्छेद का आधार_________ के पहले नहीं था :

(A) 1964

(B) 1976

(C) 1981

(D) 1985

17. Under Hindu Marriage Act, 1955, The legitimacy of children of void and voidable marriage, is given in:

(A) Section 16

(B) Section 17

(C) Section 18

(D) Section 13 A

17. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत शून्य एवं शून्यकरणीय विवाहों के अपत्यों की धर्मजता, में दिया गया है :

(A) धारा 16

(B) धारा 17

(C) धारा 18

(D) धारा 13 A

18. Under Hindu Marriage Act, 1955, A Divorced person can marry again, if :

(A) There is no right of appeal against decree

(B) There is right of appeal but time of appeal has expired without an appeal having been presented

(C) The appeal has been presented and has been dismissed

(D) All the above

18. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत तलाकशुदा व्यक्ति विवाह–विच्छेद के बाद पुनः विवाह कर सकता है– यदि :

(A) डिक्री के विरूद्ध अपील का अधिकार नहीं है

(B) अपील का अधिकार है परन्तु अपील की समय सीमा समाप्त होने के कारण प्रस्तुत नहीं की गई

(C) अपील की गई हो और खारिज हो गई हो

(D) उपरोक्त सभी में

19. Under Hindu Marriage Act, 1955, the provision for Divorce by mutual consent have been prescribed :

(A) Section 13 A

(B) Section 13 B

(C) Section 13 C

(D) Section 13 D

19. हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत पारस्परिक सम्मति से विवाह विच्छेद का उपबन्ध विहित किया गया है :

(A) धारा 13 A

(B) धारा 13 B

(C) धारा 13 C

(D) धारा 13 D

20. Under Hindu Marriage Act 1955, the prescribed period for desertion is :

(A) 2 year

(B) 3 year

(C) 4 year

(D) None of the above

20. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत 'अधित्यजन' के लिए विहित अवधि है :

(A) 2 वर्ष

(B) 3 वर्ष

(C) 4 वर्ष

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

21. In which case court held that "Removal of Mangalsutra at husband's instigation" is not cruelty against husband ?

(A) Rajesh Kumar Singh Vs Rekha Singh
(B) Archana Sharma Vs Suresh Kumar Sharma
(C) S. Hanumanth Rao Vs Romani
(D) Naveen Kohli Vs Neelu Kohli

22. How many grounds of Divorce for wife under section 13 clause (2) under Hindu Marriage Act, 1955 ?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

23. Which one of the following is not included in the term "Hindu" under Hindu Marriage Act, 1955 ?

(A) Sikhs
(B) Parasi
(C) Jains
(D) Bauddh

21. न्यायालय ने किस वाद में कहा था कि पति के उकसाने पर पत्नी द्वारा मंगलसूत्र उतारना पति के विरूद्ध क्रूरता नहीं है ?

(A) राजेश कुमार सिंह Vsरेखा सिंह
(B) अर्चना शर्मा Vs सुरेश कुमार शर्मा
(C) एस० हनुमन्थ राव Vs रोमानी
(D) नवीन कोहली Vs नीलू कोहली

22. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत धारा 13 खण्ड (2) में विवाह–विच्छेद के लिए पत्नी को कितने आधार दिये गये है ?

(A) 2
(B) 3
(C) 4
(D) 5

23. निम्नलिखित में कौन एक हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत हिन्दू में शामिल नहीं है ?

(A) सिख
(B) पारसी
(C) जैन
(D) बौद्ध

24. Under Hindu Marriage Act, 1955, if Husband has, after the solemnization of marriage, had voluntary sexual intercourse with any Female other than his wife. It is ground of :

(A) Void Marriage
(B) Voidable Marriage
(C) Divorce
(D) None of the above

24. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत, यदि पति ने विवाह के अनुष्ठान के पश्चात अपनी पत्नी से भिन्न स्त्री के साथ स्वच्छया मैथून किया है। यह आधार है :

(A) शून्य विवाह
(B) शून्यकरणीय विवाह का
(C) विवाह–विच्छेद का
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. Under Hindu Marriage Act, 1955, if the Marriage has not been consummated owing to the impotence of the Respondent, shall be voidable and may be annulled by a decree of nullity. Above provision is given in :

(A) Section 15
(B) Section 14
(C) Section 13
(D) Section 12

25. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत, यदि प्रत्यर्थी की नपुंसकता के कारण विवाहोत्तर संभोग नहीं हुआ है तो विवाह शून्यकरणीय होगा और अकृतता की आज्ञाप्ति द्वारा अकृत किया जा सकेगा। उपरोक्त उपबन्ध दिया गया है :

(A) धारा 15
(B) धारा 14
(C) धारा 13
(D) धारा 12

26. Under Hindu Marriage Act, 1955 If wife was at the time of Marriage, pregnant by some person other than husband, shall be voidable and may be annulled by a decree of nullity.Above provision is given in :

(A) Section 12
(B) Section 11
(C) Section 10
(D) Section 9

26. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत, यदि पत्नी विवाह के समय पति के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से गर्भवती थी तो विवाह शून्य करणीय होगा और अकृतता की आज्ञाप्ति द्वारा अकृत किया जा सकेगा। उपरोक्त उपबन्ध दिया गया है :

(A) धारा 12
(B) धारा 11
(C) धारा 10
(D) धारा 9

27. Under Hindu Marriage Act, 1955 Provisions of section 10 is related to :

(A) Void Marriage
(B) Voidable Marriage
(C) Grounds of Divorce
(D) Judicial Separation

28. Under Hindu Marriage Act, 1955 Provisions of section 13 is related to :

(A) Void Marriage
(B) Voidable Marriage
(C) Grounds of Divorce
(D) Judicial Separation

29. Under Hindu Marriage Act, 1955, Provisions of Section 12 is related to :

(A) Void Marriage
(B) Voidable Marriage
(C) Grounds of Divorce
(D) Judicial Separation

30. Under Hindu Marriage Act, 1955 Provisions of Section 11 is related to :

(A) Void Marriage
(B) Voidable Marriage
(C) Grounds of Divorce
(D) Judicial Separation

27. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत धारा 10 के उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) शून्य विवाह
(B) शून्यकरणीय विवाह
(C) विवाह–विच्छेद के आधार
(D) न्यायिक पृथक्करण

28. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत धारा 13 के उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) शून्य विवाह
(B) शून्यकरणीय विवाह
(C) विवाह–विच्छेद के आधार
(D) न्यायिक पृथक्करण

29. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत धारा 12 के उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) शून्य विवाह
(B) शून्यकरणीय विवाह
(C) विवाह–विच्छेद के आधार
(D) न्यायिक पृथक्करण

30. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत धारा 11 के उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) शून्य विवाह
(B) शून्य करणीय विवाह
(C) विवाह–विच्छेद के आधार
(D) न्यायिक पृथक्करण

31. In a case Supreme, Court held that in India Right of Husband Wife to the society of each other is not merely creature of law. Such right is inherent in the very institution of the marriage itself. Section 9 of H.M.A can not be said to be Violative of Act 14 and 21 of the constitution case is :

(A) Vijay Kumar Vs Neelam Rani

(B) Saroj Rani Vs Sudarshan Kumar

(C) Sapana Vs Ravi

(D) None of the above

31. एक वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि भारत में पति पत्नी का एक दूसरे के साथ रहने का अधिकार विधि की देन नहीं है बल्कि यह अधिकार विवाह जैसी अवधारण में अन्तर्निहित है। यह नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 9 संविधान के अनुच्छेद 14 तथा 21 का उल्लंघन करती है। वाद है :

(A) विजय कुमार Vs नीलम रानी

(B) सरोज रानी Vs सुदर्शन कुमार

(C) सपना Vs रवि

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

32. Under Hindu Marriage Act, 1955 Section related to Registration of Marriage is :

(A) Section 5

(B) Section 6

(C) Section 7

(D) Section 8

32. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विवाह के पंजीकरण से सम्बन्धित धारा है :

(A) धारा 5

(B) धारा 6

(C) धारा 7

(D) धारा 8

33. Under Hindu Marriage Act, 1955 Section 7 related to :

(A) Conditions of Marriage

(B) Ceremonies of Marriage

(C) Age of Marriage

(D) None of the above

33. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 7 सम्बन्धित है :

(A) विवाह की शर्तें

(B) विवाह के संस्कार

(C) विवाह की आयु

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

34. Under Hindu Marriage Act, 1955, Marriage solemnized between Two Sapindas is :

(A) Valid
(B) Invalid
(C) Voidable
(D) Void

34. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत दो सपिण्डों के बीच अनुष्ठित विवाह है :

(A) वैध
(B) अवैध
(C) शून्यकरणीय
(D) शून्य

35. Under Hindu Marriage Act, 1955, If any Hindu Violates the condition of Section 5 clause (iii), The Marriage will be :

(A) Void
(B) Voidable
(C) Valid
(D) Invalid

35. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत यदि कोई हिन्दू धारा 5 के खण्ड (iii) का उल्लंघन करता है, तब विवाह होगा :

(A) शून्य
(B) शून्यकरणीय
(C) वैध
(D) अवैध

36. Under Hindu Marriage Act 1955, "Custom" and "Usage" defined :

(A) Section 3 (a)
(B) Section 3 (b)
(C) Section 3 (c)
(D) Section 3 (d)

36. हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत 'रूढ़ियों' एवं 'प्रथाओं' को परिभाषित किया गया है :

(A) धारा 3 (a)
(B) धारा 3 (b)
(C) धारा 3 (c)
(D) धारा 3 (d)

37. Which of the following section of Hindu Marriage Act, 1955 discuss about Application of the Act ?

(A) Section 1
(B) Section 2
(C) Section 3
(D) Section 4

37. निम्न में हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की कौन सी धारा अधिनियम के लागू होने का वर्णन करती है ?

(A) धारा 1
(B) धारा 2
(C) धारा 3
(D) धारा 4

38. Second source of Ancient Hindu Law is :

(A) Vedas

(B) Caste System

(C) Mitakshara

(D) Smrities

38. प्राचीन हिन्दू विधि का द्वितीय स्त्रोत है :

(A) वेद

(B) जाति व्यवस्था

(C) मिताक्षरा

(D) स्मृतियाँ

39. Who does not acquire interest by birth in coparcenary property under the Mitakshara school ?

(A) Son

(B) Daughter

(C) Grand son

(D) Great grandson

39. मिताक्षरा विधि के अन्तर्गत संयुक्त परिवार सम्पत्ति (सहदायिक सम्पत्ति) में कौन जन्मना अधिकार प्राप्त नहीं करता ?

(A) पुत्र

(B) पुत्री

(C) पौत्र

(D) प्रपौत्र

40. Who can sue for partition under joint Hindu family ?

(A) Wife

(B) Widow

(C) Mother

(D) Grand Mother

40. संयुक्त हिन्दू परिवार में कौन विभाजन का दावा कर सकता है ?

(A) पत्नी

(B) विधवा

(C) माता

(D) दादी

41. Which one of the following wrote "Mitakshara" ?

(A) Vijnaneshwar

(B) Jimutvahan

(C) Nilakantha

(D) Madhavacharya

41. निम्न में मिताक्षरा किसने लिखा ?

(A) विज्ञानेश्वर

(B) जीमूतवाहन

(C) नीलकण्ठ

(D) माधवाचार्य

42. "Mitakshara School" enforceable in :

(A) Uttar Pradesh

(B) Madhya Pradesh

(C) Rajsthan

(D) All of the above

42. ''मिताक्षरा शाखा'' प्रवर्तनीय है :

(A) उत्तर प्रदेश

(B) मध्य प्रदेश

(C) राजस्थान

(D) उपरोक्त सभी

43. The fundamental principle of the joint Hindu family is :

(A) Survivorship

(B) Karta

(C) Sapindship

(D) None of the above

43. संयुक्त हिन्दू परिवार का मौलिक सिद्धान्त है :

(A) उत्तरजीविता

(B) कर्ता

(C) सपिण्डसिप

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

44. Which one of the following is not a Member of Coparcenary ?

(A) Father

(B) Mother

(C) Son

(D) Daughter

44. निम्न में कौन एक सहदायिकी का सदस्य नहीं है ?

(A) पिता

(B) माता

(C) पुत्र

(D) पुत्री

45. Which one of the following commentaries was written by Vachaspati Mishra ?

(A) Dayabhaga

(B) Mitakshara

(C) Vivad Chintamani

(D) Smriti Chandrika

45. निम्न में कौन सी कमेन्ट्रीज वाचस्पति मिश्र द्वारा लिखा गया था ?

(A) दायभाग

(B) मिताक्षरा

(C) विवाद चिन्तामणि

(D) स्मृति चन्द्रिका

46. Modern source of Hindu Law is :
(A) Judicial Decisions
(B) Legislation
(C) Justice, Equity and good conscience
(D) All of the above

46. हिन्दू विधि के आधुनिक स्त्रोत हैं :
(A) न्यायिक निर्णय
(B) विधायन
(C) न्याय, साम्या एवं सद्विवेक
(D) उपरोक्त सभी

47. Who wrote "If a Sudra marries Brahman woman, death is the only punishment for him" ?
(A) Manu
(B) Narad
(C) Gautam
(D) Vasistha

47. किसने लिखा है "यदि शूद्र ब्राम्हण स्त्री से विवाह करता है तो उसके लिए मृत्यु ही एक मात्र दण्ड है" ?
(A) मनु
(B) नारद
(C) गौतम
(D) वशिष्ठ

48. Which of the following dealing law ?
(A) Dharm Sutras
(B) Srauta Sutras
(C) Grihya Sutras
(D) None of the above

48. निम्नलिखित में कौन विधि का वर्णन करता है?
(A) धर्म सूत्र
(B) स्रौत सूत्र
(C) गृह सूत्र
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

49. Who wrote the Vedas ?
(A) Narad
(B) Manu
(C) Parbramh
(D) Vigyaneshwar

49. वेदों के रचयिता कौन हैं ?
(A) नारद
(B) मनु
(C) परब्रम्ह
(D) विज्ञानेश्वर

50. Which is the first source of Hindu Law ?
(A) Custom
(B) Shruti
(C) Legislation
(D) Manu Smriti

50. हिन्दू विधि का प्रथम स्त्रोत कौन है ?
(A) प्रथायें
(B) श्रुति
(C) विधायन
(D) मनुस्मृति

51. Under Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, Dependents defined in :

(A) Section 20
(B) Section 21
(C) Section 22
(D) Section 25

51. हिन्दू दत्तकग्रहण एवं भरणपोषण अधिनियम 1956 के अन्तर्गत, आश्रितों की परिभाषा है :

(A) धारा 20
(B) धारा 21
(C) धारा 22
(D) धारा 25

52. Under Hindu Succession Act, 1956, if a female died intestate, then General rules of succession is:

(A) Husband, heirs of Husband, Mother and Father, heirs of Father
(B) Husband, Mother and Father, heirs of Husband, heirs of Father
(C) Father and Mother, heirs of Father, Son and daughter, heirs of Husband
(D) Father, Husband, Mother, Son

52. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत यदि हिन्दू नारी निर्वसीयत मरती है तब उत्तराधिकार का साधारण नियम है :

(A) पति, पति के उत्तराधिकारी, माता और पिता, पिता के उत्तराधिकारी
(B) पति, माता और पिता, पति के उत्तराधिकारी, पिता के उत्तराधिकारी
(C) पिता और माता, पिता के उत्तराधिकारी, पुत्र और पुत्री, पति के उत्तराधिकारी
(D) पिता, पति, माता, पुत्र

53. The Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 Came into force on :

(A) 18 May 1955
(B) 17 June 1956
(C) 25 August 1956
(D) 21 December 1956

53. हिन्दू दत्तक एवं भरण पोषण अधिनियम, 1956, लागू हुआः

(A) 18 मई 1955 को
(B) 17 जून 1956 को
(C) 25 अगस्त 1956 को
(D) 21 दिसम्बर 1956 को

54. The Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 Came into force on :

(A) 18 May 1955
(B) 17 June 1956
(C) 25 August 1956
(D) 21 December 1956

54. हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम, 1956, लागू हुआः

(A) 18 मई 1955 को
(B) 17 जून 1956 को
(C) 25 अगस्त 1956 को
(D) 21 दिसम्बर 1956 को

55. The Hindu Succession Act, 1956 Came into force on :

(A) 18 May 1955
(B) 17 June 1956
(C) 25 August 1956
(D) 21 December 1956

55. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956, लागू हुआः

(A) 18 मई 1955 को
(B) 17 जून 1956 को
(C) 25 अगस्त 1956 को
(D) 21 दिसम्बर 1956 को

56. The Hindu Marriage Act, 1955, Came into force on :

(A) 18 May 1955
(B) 17 June 1956
(C) 25 August 1956
(D) 21 December 1956

56. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955, लागू हुआ :

(A) 18 मई 1955 को
(B) 17 जून 1956 को
(C) 25 अगस्त 1956 को
(D) 21 दिसम्बर 1956 को

57. In which case, Supreme Court held that Those persons are Hindus who recognized themselves as Hindus and who act upon according to Hindu Religion and culture :

(A) Yagnapurush Dasji Vs Muldas
(B) K.S. Mohan Vs Sandhya Mohan
(C) Manik Chand Vs Ram Chand
(D) None of the above

57. किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि वे लोग हिन्दू हैं जो अपने आप को हिन्दू कहते है तथा हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के अनुसार आचरण करते है :

(A) यज्ञपुरूषदासजी बनाम मूलदास
(B) के० एस० मोहन बनाम सन्ध्या मोहन
(C) मानिक चन्द बनाम राम चन्द
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. Under Hindu succession Act, 1956, heirs of class II, in Entry V$^{th}$Is :

(A Father's Widow, Brother's Widow

(B) Father's Mother, Father's Father

(C) Father's Brother, Father's Sister

(D) Mother's Father, Mother's Mother

58. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत वर्ग 2 के उत्तराधिकारियों में, इन्ट्री V$^{th}$ में है:

(A) पिता की विधवा, भाई की विधवा

(B) पिता की माता, पिता का पिता

(C) पिता का भाई, पिता की बहन

(D) माता के पिता, माता की माता

59. Doctrine of 'Factum Valet' is related to :

(A) Maintenance

(B) Marriage

(C) Succession

(D) Adoption

59. 'फैक्टम वैलेट' का सिद्धान्त सम्बंधित है :

(A) भरण पोषण से

(B) विवाह से

(C) उत्तराधिकार से

(D) दत्तक ग्रहण से

60. A Hindu wife shall not be entitled to separate residence and maintenance from her husband if :

(A) Her husband has any other wife living

(B) Her husband treated with cruelty

(C) Her husband keeps a concubine

(D) Wife is unchaste

60. एक हिन्दू पत्नी अपने पति से अलग रहने व भरण पोषण प्राप्त करने की हकदार नहीं होगी यदि :

(A) यदि उसके पति की कोई अन्य पत्नी जीवित है

(B) उसका पति क्रूरता का बर्ताव करता है

(C) उसका पति रखैल रखे हुए है

(D) पत्नी असवी है

61. Who wrote that husband is the "Lord and Master of his wife? He must be obeyed as long as he lives. He should be worshipped like God even though. He is a man of bad character with no qualities or a goonda :

(A) In Narad Smriti by Narad
(B) In Manu Smriti by Manu
(C) In Vedas by Vyas
(D) In Ramayan by Balmiki

62. Who can not sue for partition under Joint Hindu family ?

(A) Son
(B) Father
(C) Grand Father
(D) Mother

63. In a case, court held that wife getting pregnancy terminated without consent of her husband amounts to cruelty against husband. The case is :

(A) S.L. Mohini Vs Veerendra Kumar
(B) Girish Dangwal Vs Smt. Sushma Dangwal
(C) K.S. Mohan Vs Sandhya Mohan
(D) Mangat Mal Vs Punni Devi

61. किसने लिखा था कि पति पत्नी का स्वामी है, सर्वेश्वर है। जब तक पति जीवित है पत्नी को उसकी आज्ञा माननी चाहिए। पत्नी को पति की पूजा करनी चाहिए चाहेपति चरित्र हीन हो, कोई गुण न हो या गुण्डा हो :

(A) नारद द्वारा नारदस्मृति में
(B) मनु द्वारा मनुस्मृति में
(C) व्यास द्वारा वेदो में
(D) बाल्मिकी द्वारा रामायण में

62. संयुक्त हिन्दू परिवार में कौन विभाजन का दावा नहीं कर सकता ?

(A) पुत्र
(B) पिता
(C) पितामह
(D) माता

63. एक वाद में न्यायालय ने निर्धारित किया कि पत्नी द्वारा पति की सहमति के बिना गर्भपात करा लेना पति के प्रति क्रूरता है। वाद है :

(A) एस० एल० मोहनी बनाम वीरेन्द्र कुमार
(B) गिरिश डंगवाल बनाम श्रीमती सुषमा डंगवाल
(C) के० एस० मोहन बनाम सन्ध्या मोहन
(D) मंगतमल बनाम पुन्नी देवी

64. In a Case Supreme Court held that Maintenance of wife is personal liability of Husband. The case is :

(A) Vimalben Ajitbhai Patel Vs V.A. Patel
(B) Smt. Jeevanti Pandey Vs K.C. Pandey
(C) R. Sukanya Vs R. Sridhar
(D) Sunil Kumar Vs Neelam

64. एक वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया कि पत्नी का भरण पोषण पति का वैयक्तिक दायित्व है। वाद है :

(A) विमलबेन अजीत भाई पटेल बनाम वी० ए० पटेल
(B) श्रीमती जीवन्ती पाण्डेय बनाम के० सी० पाण्डेय
(C) आर० सुकन्या बनाम आर० श्रीधर
(D) सुनील कुमार बनाम नीलम

65. Provision of Section 22 in Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, is related to :

(A) Maintenance of wife
(B) Maintenance of Widow daughter-in-law
(C) Maintenance of Children and aged Parents
(D) Maintenance of Dependents

65. हिन्दू दत्तकएवं भरणपोषण अधिनियम 1956 में धारा 22 का उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) पत्नी का भरण पोषण
(B) विधवा पुत्र वधू का भरण पोषण
(C) अपत्योंएवं वृद्ध जनकों का भरण पोषण
(D) आश्रितों का भरण पोषण

66. Provision of Section 20 in Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, is related to :

(A) Maintenance of wife
(B) Maintenance of Widow daughter-in-law
(C) Maintenance of Children and aged Parents
(D) Maintenance of Dependents

66. हिन्दू दत्तकएवं भरणपोषण अधिनियम 1956 में धारा 20 का उपबन्ध सम्बन्धित है :

(A) पत्नी का भरण पोषण
(B) विधवा पुत्र वधू का भरण पोषण
(C) अपत्योंएवं वृद्ध जनकों का भरण पोषण
(D) आश्रितों का भरण पोषण

67. Provision of Section 19 in Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, is related to :
(A) Maintenance of wife
(B) Maintenance of Widowed daughter-in-law
(C) Maintenance of Children and aged Parents
(D) Maintenance of Dependents

67. हिन्दू दत्तकएवं भरणपोषण अधिनियम 1956 में धारा 19 का उपबन्ध सम्बन्धित है :
(A) पत्नी का भरण पोषण
(B) विधवा पुत्र वधू का भरण पोषण
(C) अपत्यों और वृद्ध जनकों का भरण पोषण
(D) आश्रितों का भरण पोषण

68. Provision of Section 18 in Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, is related to :
(A) Maintenance of wife
(B) Maintenance of Widowed daughter-in-law
(C) Maintenance of Children and aged Parents
(D) Maintenance of Dependents

68. हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरणपोषण अधिनियम 1956 में धारा 18 का उपबन्ध सम्बन्धित है :
(A) पत्नी का भरण पोषण
(B) विधवा पुत्र वधू का भरण पोषण
(C) अपत्यों और वृद्ध जनकों का भरण पोषण
(D) आश्रितों का भरण पोषण

69. Which Amendments in Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, gives married Women's, the right to take in Adoption ?
(A) Amendment 2003
(B) Amendment 2005
(C) Amendment 2010
(D) None of the above

69. हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम 1956 का कौन संशोधन विवाहित महिलाओं का दत्तक ग्रहण करने का अधिकार देता है ?
(A) संशोधन 2003
(B) संशोधन 2005
(C) संशोधन 2010
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. Under Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, If the adoption is by a Male and Person to be adopted is a Female then adoptive father at least ______ Older than the person to be adopted :

(A) 18 years
(B) 19 years
(C) 20 years
(D) 21 years

70. हिन्दू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 के अन्तर्गत यदि दत्तक किसी पुरूष द्वारा लिया जाना है और दत्तक में लिया जाने वाला व्यक्ति नारी है तब दत्तक पिता दत्तक लिये जाने वाले व्यक्ति से आयु में कम से कम ______बड़ा हो।

(A) 18 वर्ष
(B) 19 वर्ष
(C) 20 वर्ष
(D) 21 वर्ष

71. Section 12 of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 is related to :

(A) Persons who may be Adopted
(B) Other conditions for valid Adoption
(C) Effect of Adoption
(D) Right of Adoptive parents to dispose of their property

71. हिन्दू दत्तक ग्रहणएवं भरणपोषण अधिनियम 1956 की धारा 12 सम्बन्धित है :

(A) व्यक्ति जो दत्तक लिए जा सकते है
(B) विधिमान्य दत्तक की अन्य शर्ते
(C) दत्तक के परिणाम
(D) दत्तक जनकों का अपनी सम्पत्तियों का व्ययन का अधिकार

72. Section 11 of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 is related to :

(A) Persons who may be Adopted
(B) Other conditions for a valid Adoption
(C) Effect of Adoption
(D) Right of Adoptive parents to dispose of their property

72. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरणपोषण अधिनियम 1956 की धारा 11 सम्बन्धित है :

(A) व्यक्ति जो दत्तक लिए जा सकते है
(B) विधिमान्य दत्तक की अन्य शर्ते
(C) दत्तक के परिणाम
(D) दत्तक जनकों का अपनी सम्पत्तियों का व्ययन का अधिकार

73. Section 10 of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 is related to :

(A) Persons who may be Adopted

(B) Other conditions for a valid Adoption

(C) Effect of Adoption

(D) Right of Adoptive parents to dispose of their properties

73. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरणपोषण अधिनियम 1956 की धारा 10 सम्बन्धित है :

(A) व्यक्ति जो दत्तक लिए जा सकते है

(B) विधिमान्य दत्तक की अन्य शर्तें

(C) दत्तक के परिणाम

(D) दत्तक जनकों का अपनी सम्पत्तियों का व्ययन का अधिकार

74. In which section of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, persons capable of giving in Adoption is given :

(A) Section 6

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

74. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 की किस धारा में दत्तक देने के लिए सक्षम व्यक्ति, दी गई है :

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

75. In which section of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, Capacity of a Female Hindu to take in Adoption is given :

(A) Section 6

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

75. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरण पोषण अधिनियम 1956 की किस धारा में हिन्दू नारी की दत्तक लेनें की सामर्थ्य दी गई है :

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

76. Section 7 of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 is related to :

(A) Requisites of Valid Adoption

(B) Capacity of Male Hindu to take in Adoption

(C) Capacity of Female Hindu to take in Adoption

(D) Persons Capable of giving in Adoption

77. Section 6 of Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 is related to :

(A) Requisites of Valid Adoption

(B) Capacity of Male Hindu to take in Adoption

(C) Capacity of Female Hindu to take in Adoption

(D) Persons Capable of giving in Adoption

78. In the appointment or declaration of any person as guardian of a Hindu minor by a Court, the welfare of the minor shall be the paramount consideration. In which Section under HMGA, 1956, above is given :

(A) Section 10

(B) Section 11

(C) Section 12

(D) Section 13

76. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरणपोषण अधिनियम 1956 की धारा 7 सम्बन्धित है :

(A) विधिमान्य दत्तक सम्बन्धी अपेक्षायें

(B) हिन्दू पुरूष की दत्तक लेने की सामर्थ्य

(C) हिन्दू नारी की दत्तक लेने की सामर्थ्य

(D) दत्तक देने के लिए सक्षम व्यक्ति

77. हिन्दू दत्तक ग्रहण तथा भरणपोषण अधिनियम 1956 की धारा 6 सम्बन्धित है :

(A) विधिमान्य दत्तक सम्बन्धी अपेक्षायें

(B) हिन्दू पुरूष की दत्तक लेने की सामर्थ्य

(C) हिन्दू नारी की दत्तक लेने की सामर्थ्य

(D) दत्तक देने के लिए सक्षम व्यक्ति

78. न्यायालय द्वारा किसी भी व्यक्ति के किसी हिन्दू अप्राप्तवय का संरक्षक नियुक्त या घोषित किये जाने में अप्राप्तवय के कल्याण पर सर्वोपरि ध्यान रखा जायेगा। हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 की किस धारा में उपरोक्त को दिया गया है :

(A) धारा 10

(B) धारा 11

(C) धारा 12

(D) धारा 13

79. The case Githa Hariharan Vs Reserve Bank of India is related to:

(A) Guardianship

(B) Adoption

(C) Marriage

(D) Succession

80. In Which Section of Hindu minority and Guardianship Act, 1956, Testamentary Guardian and their powers is given :

(A) Section 6

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

81. In Which Section of Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, powers of natural Guardian is given :

(A) Section 6

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

79. गीता हरिहरन बनाम रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का वाद सम्बन्धित है :

(A) संरक्षकता

(B) दत्तकग्रहण

(C) विवाह

(D) उत्तराधिकार

80. हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 की किस धारा में वसीयती संरक्षक और उनकी शक्तियाँ दी गई हैं :

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

81. हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 की किस धारा में नैसर्गिक संरक्षक की शक्तियाँ दी गई हैं :

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

82. Under which section of Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, natural Guardian of Adopted son is given ?

(A) Section 6

(B) Section 7

(C) Section 8

(D) Section 9

83. Under Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, in the case of Married girl, natural guardian is :

(A) Husband

(B) Father

(C) Mother

(D) None of the above

84. Under HMGA, 1956 in the case of an illegitimate boy or an Illegitimate unmarried girl, the natural Guardian is :

(A) Father and after him, Mother

(B) Brother

(C) Mother and after her, the Father

(D) None of the above

82. हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 के अन्तर्गत, कौन सी धारा में दत्तक पुत्र को प्राकृतिक संरक्षक दिया गया है ?

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

83. हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956 के अन्तर्गत, विवाहित लड़की की दशा में नैसर्गिक संरक्षक है :

(A) पति

(B) पिता

(C) माता

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

84. हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956 के अन्तर्गत अवयस्क अधर्मज लड़के तथा अधर्मज अविवाहिता लड़की की दशा में नैसर्गिक संरक्षक है :

(A) पिता और उसके पश्चात माता

(B) भाई

(C) माता और उसके पश्चात पिता

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

85. Under Hindu Minority and Guardianship Act, 1956 in which Section defined Guardian and natural Guardian ?

(A) Section 3

(B) Section 4

(C) Section 5

(D) Section 2

85. हिन्दू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956 की कौन सी धारा में संरक्षक और नैसर्गिक संरक्षक को परिभाषित किया गया है?

(A) धारा 3

(B) धारा 4

(C) धारा 5

(D) धारा 2

86. Which one of the following is correct about custom ?

(A) Ancient

(B) Certainity

(C) Reasonable

(D) All of the above

86. निम्नलिखित में प्रथाओं के बारे में कौन एक सही है ?

(A) प्राचीनता

(B) निश्चितता

(C) युक्तियुक्तता

(D) उपरोक्त सभी

87. Section 27 of Hindu Succession Act, 1956 is related to :

(A) Order of Succession

(B) Right of child in womb

(C) Murderer disqualified

(D) Succession when heir disqualified

87. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 27 सम्बन्धित है :

(A) उत्तराधिकार का क्रम

(B) गर्भ स्थित अपत्य का अधिकार

(C) हत्या करने वाला निरर्हित होगा

(D) उत्तराधिकार जबकि वारिस निरर्हित हों

88. Section 26 of Hindu Succession Act, 1956 is related to :

(A) Order of Succession

(B) Right of child in womb

(C) Converts descendants disqualified

(D) None of the above

88. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 26 सम्बन्धित है :

(A) उत्तराधिकार का क्रम

(B) गर्भ स्थित अपत्य का अधिकार

(C) संपरिवर्तितों के वंशज निरर्हित होगें

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. Section 25 of Hindu Succession Act, 1956 is related to :

(A) Right of child in womb

(B) Murderer disqualified

(C) Converts descendants disqualified

(D) Succession when heir disqualified

89. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 25 सम्बन्धित है :

(A) गर्भ स्थित अपत्य का अधिकार

(B) हत्या करने वाला निरर्हित होगा

(C) संपरिवर्तितों के वंशज निरर्हित होगें

(D) उत्तराधिकार जबकि वारिस निरर्हित हों

90. Under Hindu Succession Act, 1956, Section 22 is related to :

(A) Preferential right to acquire property in certain cases

(B) Murderer disqualified

(C) Converts descendants disqualified

(D) Succession when heir disqualified

90. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 22 सम्बन्धित है :

(A) कुछ दशाओं में सम्पत्ति अर्जित करने का अधिमानी अधिकार

(B) हत्या करने वाला निरर्हित होगा

(C) संपरिवर्तितों के वंशज निरर्हित होगें

(D) उत्तराधिकार जबकि वारिस निरर्हित हों

91. Section 21 of Hindu Succession Act, 1956 is related to :

(A) Right of child in womb

(B) Presumption in cases of Simultaneous death

(C) Mode of Succession of Two more heirs

(D) Full blood preferred to Half Blood

91. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 21 सम्बन्धित है :

(A) गर्भ स्थित अपत्य का अधिकार

(B) समसामयिक मृत्युओं के विषय में उपधारणा

(C) दो या अधिक वारिसों के उत्तराधिकार का ढंग

(D) पूर्णरक्त का अर्द्धरक्त पर अधिमान प्राप्त है

92. Section 20 of Hindu Succession Act, 1956 related to :

(A) Right of child in womb

(B) Presumption in cases of Simultaneous death

(C) Mode of succession of heirs

(D) Full blood preferred Half Blood

92. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 20 सम्बन्धित है :

(A) गर्भ स्थित अपत्य का अधिकार

(B) समसामयिक मृत्युओं के बारे में उपधारणा

(C) वारिसों के उत्तराधिकार का ढंग

(D) पूर्णरक्त का अर्द्धरक्त पर अधिमान प्राप्त है

93. In coparcenary property, which Amendment of Hindu Succession Act, declare the right of daughter by birth in the same manner as Son:

(A) Hindu Succession (Amendment) Act, 2005

(B) Hindu Succession (Amendment) Act, 2003

(C) Hindu Succession (Amendment) Act, 1976

(D) Hindu Succession (Amendment) Act, 1919

93. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में कौन संशोधन सहदायिकी सम्पत्ति में पुत्रों के समान पुत्रियों को जन्म से अधिकार प्रदान करती है :

(A) हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005

(B) हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2003

(C) हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 1976

(D) हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 1919

94. Which of the following Section of Hindu Succession Act 1956, provide about mode of Succession of Two or more heirs :

(A) Section 18

(B) Section 19

(C) Section 20

(D) Section 21

94. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की कौन सी धारा दो या दो से अधिक वारिसों के उत्तराधिकार का ढंग बताती है :

(A) धारा 18

(B) धारा 19

(C) धारा 20

(D) धारा 21

95. Section 18 of Hindu Succession Act 1956 is related to :

(A) Right of child in womb

(B) Presumption in cases of simultaneous death

(C) Made of Succession of two or more heirs

(D) Full blood preferred to half blood

95. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की धारा 18 सम्बन्धित है :

(A) गर्भस्थित अपत्य का अधिकार

(B) समसामयिक मृत्युओं के विषय में उपधारणा

(C) दो या दो से अधिक वारिसों के उत्तराधिकार का ढंग

(D) पूर्णरक्त को अर्द्धरक्त पर अधिमान प्राप्त है

96. In which Section of Hindu Succession Act, 1956, Explain the order of Succession and manner of distribution among heirs of a Female Hindu :

(A) Section 13

(B) Section 14

(C) Section 15

(D) Section 16

96. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 की कौन सी धारा हिन्दू नारी के वारिसों में उत्तराधिकार का क्रम और वितरण की रीति की व्याख्या करती है :

(A) धारा 13

(B) धारा 14

(C) धारा 15

(D) धारा 16

97. Under Hindu Succession Act, 1956, Section 15 is related to :
(A) Order of Succession
(B) Property of a Female
(C) General rules of Succession
(D) None of the above

97. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत, धारा 15 सम्बन्धित है :
(A) उत्तराधिकार का क्रम
(B) हिन्दू नारी की सम्पत्ति
(C) उत्तराधिकार के साधारण नियम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. Under Hindu Succession Act 1956, The provision of Section 14 is :
(A) Property of a Female
(B) General rules of Succession
(C) Order of Succession
(D) None of the above

98. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत, धारा 14 का उपबन्ध है :
(A) हिन्दू नारी की सम्पत्ति
(B) उत्तराधिकार के साधारण नियम
(C) उत्तराधिकार का क्रम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. Under Hindu Succession Act, 1956, A person who is entitled to inherit property after the death of the intestate is called :
(A) Agnate
(B) Cognate
(C) Heir
(D) Legal Representative

99. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्वसीयत की मृत्यु के पश्चात जो व्यक्ति सम्पत्ति प्राप्त करता है, कहा जाता है :
(A) गोत्रज
(B) बन्धु
(C) वारिस
(D) विधिक प्रतिनिधि

100. The Hindu Succession Act, 1956 Came in to force on :
(A) 17 June 1956
(B) 19 June 1956
(C) 17 December 1956
(D) 19 December 1956

100. हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम लागू हुआ :
(A) 17 जून 1956
(B) 19 जून 1956
(C) 17 दिसम्बर 1956
(D) 19 दिसम्बर 1956

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.